न्यायालय जिला कलक्टर, भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी : जसमीत सिंह संधू (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या : 03/2023 अपील नामान्तकरण

उनवान

1. मृतक पारस पिता सोनाथ भाम्बी जरिये विधिक वारिसान 1/1 कैलाशी पत्नी पारस भांबी निवासी कंवलियास, तहसील हुरड़ा, जिला भीलवाड़ा

—अपीलार्थी

बनाम

1. मृतक पारस पिता सोनाथ भाबीं जरिये विधिक वारिसान 1/1 पूजा पुत्री पारस भांबी पत्नी श्री नाथु भाम्बी निवासी कंवलियास, तहसील हुरड़ा हाल निवासी किशनगढ़ (अजमेर)
2. कैलाश उर्फ पप्पू पिता सोनाथ भांबी निवासी गागेड़ा, तह0 हुरड़ा, जिला भील0
3. भैरूलाल पिता सोनाथ भांबी निवासी गागेड़ा, तह0 हुरड़ा, जिला भील0
4. श्रीमती रामू पत्नी भैरूलाल बलाई निवासी फागणों का खेड़ा तहसील हमीरगढ़
5. श्री हरिश पिता श्यामलाल खटीक निवासी मंगरोप, तहसील हमीरगढ़
6. राजस्थान राज्य जरिये उप पंजीयक/तहसीलदार हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा

—प्रत्यर्थीगण

अपील अंतर्गत धारा—75 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम, 1956 विरूद्ध आदेश नायब तहसीलदार, हमीरगढ़ बमामले नामान्तरकरण संख्या—115 दिनांक 28.05.1993 राजस्व ग्राम फागणों का खेड़ा तहसील हमीरगढ़

उपस्थित —

1. अधिवक्ता अपीलार्थी — श्री श्यामलाल गुर्जर
2. प्रत्यर्थीगण की ओर से :: **1. श्री लोकेश गुर्जर**
   2. श्री राकेश कुमार तेली
   3. श्री गजेन्द्र देव जोशी
   4 एवं 5 अनुपस्थित
   6 की ओर से श्री दिनेश तिवाड़ी

निर्णय

दिनांक : 27—03—.2025

1— अपीलार्थी ने प्रत्यर्थीगण संख्या 01 लगायत 05 के विरूद्ध **अन्तर्गत धारा 75 एल आर एक्ट 1956 के तहत विरूद्ध** आदेश नायब तहसीलदार, हमीरगढ़ बमामले नामान्तरकरण संख्या—115 दिनांक 28.05.1993 राजस्व ग्राम फागणों का खेड़ा तहसील हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा के जरिये नामान्तरित कृषि भूमि आराजी खसरा संख्या—4180/2946 रकबा 2.11 बीघा भूमि के सम्बंध में अपील प्रस्तुत करते हुए निवेदन किया कि अपीलार्थीया के श्वसुर व प्रत्यर्थी संख्या—1 के पितामह तथा प्रत्यर्थी संख्या—2 से लगायत 3 के पिता स्वर्गीय सोनाथ पिता बक्षा भांबी को जरिये नामान्तरकरण संख्या — 1096 दिनांक 12.02.1986 से खातेदारी हक प्रदत्त किये गये। अपीलार्थी का कथन रहा है कि वक्त भू आवंटन के आवंटी स्वर्गीय सोनाथ अपने परिवार सहित ग्राम मंगरोप तहसील हमीरगढ में निवास करता रहा। उसके बाद भूमि खातेदारी हक से दर्ज होने के उपरान्त आवटी ग्राम मंगरोप छोडकर ग्राम कवलियास तहसील हुरड़ा में अपने परिवार सहित निवास करने लग गया। आवंटी सोनाथ का कंवलियास में निवास रहते हुए निधन हो गया।

जसमीत सिंह संधू
जिला कलक्टर
भीलवाड़ा